डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदया, अभी पिछले दिनों सितम्बर में राजस्थान के देवराला गांव में जो घटना हुई है वह मानवता के नाम पर एक कलंक है और एक किशोर कन्या जो विवाहिता थी जबरदस्ती सती के नाम पर आग में झोंक कर जिस तरह से जला दिया गया इतना बड़ा जघन्य अपराध चर्चा का विषय सारे देश में बना और उस पर उसे धर्म से जोड़ना यह धर्म का भी अपमान है। धर्म हर आदमी का अपना धर्म होता है। धारयति इति धर्मः धर्म जो हम ग्रहण कर सकें, जिसको हम आत्मसात कर सकें, जिसको हम इसीमिलेट कर सकें जिसे हम आचरण में उतार सकें वही धर्म होता है। कोई धर्म हमें यह नहीं सिखाता है कि मनुष्य की हत्या करो, चाहे वह नारी हो चाहे पुरुष हो। रूपकंवर मध्यम वर्गीय परिवार के सम्पन्न कहे जाने वाले बाप की बेटी थी और अच्छा, आज के युग में उसे जो दहेज में मिलना चाहिए था वह मिला था जैसा कि अखबारों में खबरें हमने पढ़ी हैं। यह प्रथा बराबर राजस्थान के कई गांवों में रही है लेकिन इसके पहले सारे देश ने इस तरह से कभी इस घृणास्पद घिनौनी घटना पर ध्यान नहीं दिया था। राजस्थान मे इस दशक में सन् 1981 से आज तक अनेक बार सती की कोशिश होने की घटनाएं पुलिस ने दर्ज की। यह पहला मौका नहीं है कि जब कोई युवती सती हुई है। इससे पहले 27 अप्रैल को कोपली जिले के बागड़ी गांव में पुलिस ने कुमारी भवरी देवी को सती होने से रोककर आत्महत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उस समय 20 हजार तमाशबीनों की भीड़ उस चिता के सामने लगी हुई थी। इसी तरह से 12 मार्च, 1985 को शाहपुरा तहसील में देवीपुरा गांव में श्रीमती जसवंत कंवर को पुलिस ने उसके मृत पति गजपति सिंह के साथ सती होने से रोका, 27 जनवरी 1983 को भी पाकपुरा के पास रानवना गांव में गोकुल बाई को अपने मृत पति बिहारी राम के साथ जलाकर मारने से रोका गया। लेकिन दिवराला गांव में एक 18 साल की कन्या जो पढ़ी लिखी थी जो स्वरूप में साक्षात देवी थी, चित्रों में देखने से पता लगता है। उसे अपने बी०एस०सी० पास पति के आकस्मिक निधन के बाद जिस तरह से सती होने के लिए विवश किया जाता है वह सोचे हत्या का काण्ड है,

[डा० रत्नाकर पांडेय]

सती प्रथा से उसे जोड़ना बिल्कुल झूठ, बेबुनियाद और इस देश की नारी की मातृ शक्ति का अपमान है। जबरदस्ती उसे जलाया गया तीन-तीन बार जो रिपोर्ट है, रिस्पांसिबुल पेपर्स को, वह "पापा" "पापा" कहकर भागी है और उसे धक्का देकर लकड़ियों की जलती हुई लो में जलने के लिए विवश किया गया, इससे बड़े अपमान की बात इस देश के लिए, राजस्थान सरकार के लिए और क्या हो सकता है अभी हमारे पूर्ववक्ता महोदय कल्याण सिंह कलवी की बात कर रहे थे, वोट के लिए जनता पार्टी...संभवतः ये जनता पार्टी के अध्यक्ष हैं और एम०एल०ए० भी हैं, जब चनरा महोत्सव हो रहा था तो 4 विधायक राजस्थान के उपस्थित थे। क्या राजस्थान सरकार या भारत सरकार में इतनी हिम्मत है कि उन चारों की सदस्यता समाप्त करे, यह घोषणा करे कि एसे जघन्य कार्य में सम्मिलित होने वाले लोग जनप्रतिनिधि नहीं बनाये जायेंगे और...

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Karnataka): Just one point.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Is it a point of order or a submission?

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: Just for the information of the House. We are really ashamed of what a member of our party did. We have issued a notice, called for his explanation and we have also asked him to apologise. Otherwise, action will be taken against him. It is really very shameful. I condemn it. The party has nothing to do with that. We condemn his conduct.

डा० रत्नाकर पाण्डेय: रुपादस्वामी जो हमारे सदन के वरिष्ठ लोगों में है और पुराने सांसद हैं क्या उन्होंने कल्याण सिंह कलवी को पार्टी से सस्पेंड करने की कार्यवाही की है, अगर नहीं की तो उनको भी इसी का पार्ट मैं मानता हूं, [illegible]

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र): की है कार्यवाही।

डा० रत्नाकर पाण्डेय: हमारे मंत्रिमंडल के एक भूतपूर्व सदस्य जो निकाल दिये गये हैं कांग्रेस दल से और एक मोर्चा बना रखा है, जब उनसे पूछा गया सती कांण्ड के विषय में तो उन्होंने कहा राजीव गांधी के साथ 400 लोग सती होने के लिए तैयार हैं, एक व्यंग्य में उड़ा दिया केवल इसलिए कि राजपूतों की एक कन्या सती हुई थी और जातिवाद के आधार पर वह व्यक्ति इस देश को तोड़ना चाहता है और इस ससद के पटल पर मैं कहना चाहता हूं जरूरत पड़ी तो सिद्ध करूंगा कि वह राष्ट्रद्रोही और सेना में विद्रोह फैलाने की कोशिश की है। एसे व्यक्ति को भारत सरकार को राष्ट्रीयद्रोह कानून के अंतर्गत गिरफ्तार करना चाहिए। जरूरत पड़ी तो गिरफ्तार किया जाएगा। हम जो कहते हैं, करते है। जो कहते है, उससे भागते नहीं हैं, दोहरा चरित्र हमारे दल का, हमारे शासन का नहीं है, मैं माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूं।

माननीय उपसभापति जी, आज नारी का अपमान अनल है--आग है, हमारी बहिन, श्रीमती वीणा वर्मा कवियों को कोट कर रही थी--

"नारी का अपमान अनल है,
अबला अखिल, विश्व का बल है।"

जिस देश "यत्र नारस्य पूज्यते रमते तत्र देवता"। वहां आज के युग में जब हम इक्कीसवी शताब्दी मे दुनिया का सब से मजबूत और आध्यात्मिक दृष्ट से और टेक्नालोजी की दृष्टि से सब से मजबूत राष्ट्र बन करके चौदह साल के बाद जाना चाहते हैं, तो उस समय इस तरह का दुष्कांड हो, यह सारे देश के लिए चिंता का विषय है। केवल राजस्थान सरकार के लिये या केवल भारत सरकार के लिये ही चिंता का विषय नहीं है।

मैं इस सदन के माध्यम से--हमारी [illegible]

करूंगा कि जितने भी सती मंदिर इस देश में हैं, उन सारे सती मंदिरों में समाज कल्याण के कार्यालय खुलें और वहां से समाज कल्याण का कार्य शुरू हो। तब जाकर इस देश में नारी की हत्या बंद होगी। डेढ़-दो लाख लोग "चुनरी" महोत्सव में जाते हैं और हमारी पुलिस वहां मूक बन जाती है, क्योंकि उसके पास फोर्स नहीं है, अगर जरूरत पड़ती तो भारत सरकार को सेना भेजनी चाहिए थी और सेना उसका नियंत्रित करती और इस तरह की दुर्घटना घटती--धर्म में उन्माद के नाम पर हत्या का पाप न होता--धर्म अफीम की तरह होती है, उसका नशा खिला कर के संप्रदायवाद को बढ़ावा देना नारी का अपमान करना और उसकी हत्या करना इस देश में इसी तरह चला, तो यह बर्दाशत के बाहर की चीज भारतीय जनतंत्र के लिए होगी।

लार्ड विलियम बेंटिंग ने 158 वर्ष पहले कानून बनाया। राजा राम मोहन राय ने बंगाल में इस तरह की कुप्रथा के खिलाफ जिहाद किया और उन्हें भी धर्म निकाला किया गया उस कानून को देश मानता है। सती प्रथा और जौहर, दो चीजें हैं--मैं बता देना चाहता हूं कि हमारे अनेक धार्मिक लोग, बनारस में ही हैं। हमारा जौहर जो है, जब विजातियों का आक्रमण होता था, तो भारत की वीर ललनायें अपने सतीत्व की रक्षा करने के लिए अपनी जान भी देना जानती हैं, इसलिए उन्होंने जौहर किया था। वह सती नहीं हुई थीं। जब उनकी असमत पर, जब उनकी इज्जत पर--नारी की इज्जत सब से बड़ी होती है, उस पर जब आक्रमण हुआ था, तो उन ललनाओं ने जौहर कर लिया था, आग में कूद पड़ीं थीं और अपने जीवन की परिवाह नहीं की थी, लेकिन सती प्रथा के नाम पर श्रीमती जयन्ती नटराजन ने अनेक वैदिक कोटेशन दिए हैं, उसके विस्तार में मैं नहीं जाना चाहता हूं।

सती शब्द सत्य से उद्भूत है, सत्य बड़ा ही कटु होता है और कटु सत्य को जो धारण करे, सत्य को अपने आचरण में उतारे, वही सती है, न कि आग लगा कर आततायी की तरह जला कर तमाशा देखने वाले यह इन्सान हैं कि हैवान से भी गये गुजरे हैं कि जो इस तमाशे में पूजा करने जाते है, नारियलों का पहाड़ लगा देते हैं, आर्टिफिशयल फोटो बना करके लाखों रुपए की कमाई होती है। क्या हम इक्कीसवीं शताब्दी में जी रहे हैं?

ऐसी चीजों की कड़ाई के साथ हमें बैन करना होगा। **(समय की घंटी)** हमारी राजस्थान की सरकार ने जो सती प्रथा को उकसायेगा, उसको मौत की देने तक का प्रावधान किया है और जो सती होने का वातावरण बनाते हैं—मैडम, मैं दो मिनट का समय और लूंगा।

उपसभापति : और भी बहुत सारे स्पीकर्ज रह गए हैं।

श्री चन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी (मध्य प्रदेश) : आप मेरा समय इनको दे दीजिए मैं नहीं बोलूंगा।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मैं कह रहा था कि धर्म के नाम पर कुछ लोगों ने सती प्रथा का दुरुपयोग करने की कोशिश की है। मैं वाराणसी का रहने वाला हूं, काशी में एक शंकराचार्य महोदय ने सती धर्म के पक्ष में छह अक्तूबर का समाचार है पुरी के शंकराचार्य, स्वामी निरंजन देव ने कहा है कि फांसी के तख्ते पर लटक कर भी वह सती धर्म का समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने वाराणसी में एक वक्तव्य में कहा था कि किसी के खिलाफ हो जाने से वह भयतीत होने वाले नहीं हैं। विधवाओं की संख्या बढ़ने का कारण राजा राम मोहन राय का पाप है। यह कलंक वाली बात है। आज से 150 वर्ष पूर्व विधवा समस्या जैसा कुछ नहीं था। शंकराचार्य ने सती प्रथा के विरोधियों को चुनौती देते हुए कहा कि सती धर्म के औचित्य और शास्त्रीय हो के बारे में कोई भी व्यक्ति गोवर्द्धनापीठ आकर

[डा० रत्नाकर पांडेय]

वाद-विवाद पूरी कर सकता है। मैं काशी का ब्राह्मण हूं। मैडम, ब्राह्मण न किसी के राज्य में रहता है और न किसी के अन्न पर पलता है। वह अमृत होकर जीता है और स्वच्छंद होकर विचरण करता है। ब्राह्मण त्व शास्वत बुद्धि सत्ता है। आज मैं इस सदन के माध्यम से इस पाखंडी शंकराचार्य को चैलेंज देना चाहता हूं कि राष्ट्रीय स्तर पर एक विधेवत परिषद बुलाई जाए और उसमें तय किया जाए कि सती प्रथा धार्मिक है या नहीं। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि ऐसे क्रिमिनल्ज को, ऐसे क्रिमिनल्ज जो शंकराचार्य बने देश को धोखा दे रहे हैं, कहीं मुल्ला बने हुए हैं, कहीं पोप बने हुए हैं ऐसे लोगों को उठा कर जेल के भीतर बंद करिए और एन्टीनेशनल एक्ट में चार्ज करिए तब जाकर इस देश में सती जैसी कुप्रथा बंद होगी। सती प्रथा का सीधा संबंध अर्थ-धन से है। बहुत से स्वार्थी संयुक्त परिवार चाहते हैं कि एक बेटा मर गया तो बहू भी जल कर मर जाए और उसका जो आर्थिक हिस्सा है वह हमें मिल जाये। चाहे वह आग में जल कर समाप्त ही हो जाए। तो इस प्रथा पर भी हमें सोचना चाहिए और नारी को पति के मरने के बाद उसको सारी संपत्ति का कानूनन अधिकार हमको देना चाहिए। चिदरम्बरम जी वहां गए, हमारी अनेक महिलाएं मिनिस्टर बहनें गई, अखबार में मैंने पढ़ा, मैं नाम नहीं कोट करना चाहता, अनेक नारी संगठनों के लोग गए लेकिन जब चिदम्बरम जी जयपुर गए अभी मैं पढ़ रहा था उस समय सती धर्म रक्षा समिति बनी है उसके प्रचार मंत्री ने कहा है, अगर सती प्रथा में सरकार पड़ी और बाधा पहुंचाया तो हम तलवार से मुकाबला करेंगे। लकड़ी की तलवार ले करके एक महिला को जला करके उसकी रक्षा करने से भागने वाले जो लोग हैं सारे क्रिमिनल हैं, लाख हों, दो लाख हों, अगर सरकार में हिम्मत है तो उनके साथ कड़ाई का व्यवहार होना चाहिए और वह वन्स फार एवर समाप्त करना चाहिए। मैडम, सती मेला बंद होना चाहिए और सती के संबंध में जो पैसा कमाने के लिए, चित्र और साहित्य बिकता है और उसको बड़ी तेजी से प्रचारित किया जा रहा है रिफाइंड वे में जो साहित्य प्रकाशित किया जा रहा है उसे बंद करना पड़ेगा सारे चढ़ावें की सम्पत्ति जब्त होनी चाहिए। एक मानसिक धरातल की बात है जैसे पंजाब पर हम एक मत हैं उस तरह से इस पर भी हमें एक मत होना चाहिए और अगर इस सती प्रथा को हमने चालू हो जाने दिया तो हमेशा के लिए देश कलंकित होगा, माताओं के रक्त का टीका हमारे माथे पर लगेगा। इसलिए ऐसा नहीं होने पाए। सभी दल के लोगों को निकालो, चाहे कांग्रेस दल के हों, चाहे जनसं का कोई हो, चाहे सोशलिस्ट हो, चाहे कम्युनिस्ट हो जो सती प्रथा में जाने वाले एम० एल० ए० और एम० पी० हैं उनको बैन करो, उनको टिकट नहीं मिलेगा, वे जन प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते है। क्या इस तरह का कानून हम नहीं बना सकते हैं?... **(व्यवधान)**

श्री गुरुदास दासगुप्त : बलराम जाखड़ को क्या होगा ? **(व्यवधान)**

ठाकुर जगतपाल सिंह (मध्य प्रदेश) : अरे भाई साहब, यह आपकी बात कह रहे हैं... **(व्यवधान)** आप बीच में ही टोक रहे हैं आप इसमें आप क्या विश्वास नहीं करते। पार्टी की जब बात आती है तो आप बीच में कूद पड़ते हैं... **(व्यवधान)**

डा० रत्नाकर पाण्डेय : हमारे नेता राजीव गांधी ने स्पष्ट कहा है कि सती प्रथा को रोकेंगे चाहे उसके लिये कितनी ही कड़ाई करनी पड़े और उसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानूनन प्रावधान करेंगे। हम फिर विरोधी दल के लोगों से कहना चाहते है हमारे नेता और हम जो कहते हैं वह हम करते हैं और हम करके दिखायेंगे। आप हमारे साथ आओ और हमारा सहयोग करो और इस पर तो कम से कम विरोध मत करो। सती प्रथा एक ऐसा कलंक है जिसको मिटाने के लिये अगर हमें बडी से बडी कुर्बानी भी देनी पड़े तो हम देने को तैयार है उसमें मेरा नाम आप पहले लिख लीजिये। मैडम, इन शब्दों के साथ मैं

आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । बहुत बहुत धन्यवाद ।

SHRI PUTTAPAGA RADHAKRISHNA (Andhra Pradesh): Madam, I am very enthusiastic to speak on this subject. But, unfortunately, I have been called at a time when you have exhausted your patience and my material has been exhausted by others.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have not exhausted my patience. The only thing is that we have to conclude by 6 o'clock. There are many more Members who want to speak.

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY (Assam): One submission. If you permit ladies to speak before him, it will be better, I think.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is necessary that men should also speak on this.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO (Jammu and Kashmir): Yes, They are the perpetrators, they are the culprits of the crime.

SHRI PUTTAPAGA RADHAKRISHNA: Madam we are approaching the 21st century. We have a law banning sacrifice of animals. At this juncture, at this stage, we are having a debate on the sacrifice of a woman, that is, a human being. It is a very shameful thing. We have to bow our heads before the civilised world because this incident took place in Rajasthan.

Madam, there has been a wonderful argument about *sati*. Some people say that it has been sanction of the Hindu religion. Some people say that it is voluntarily done. Some people say that it is permitted by the ancient society. These are all very meaningless arguments. We know that there was no sanction of the Hindu religion at all. In the recent times some articles have been published in the papers. I have read one article stating that the Rig Veda had no sanction of *sati*. Some people are arguing that it was very much accepted by old, ancient kings also. Kings' kingdoms have gone. Old and meaningless practices have gone. But this has remained.

Madam, this incident of Rajasthan will not only create some law-and order problem in the country and some uncivilised methods, but it will also reopen the debates that have been closed long back.

Madam, regarding this incident, the custom of *sati* was there in the olden days. It was banned by Lord William Bentinck in 1829 itself. It was more than one-and-a half centuries ago. Afterwards it was incorporated in th IPC also which was enacted in 1860.

Madam, after all these years, after so much movement, this is again cropping up. Madam, so far, since the independence of this country, there were 28 known *satis*. They were all registered by the police, and they were tried before the court of law. But, wonderfully, out of these offences, not even a single conviction took place out of all these 28 cases. This is the fate of the law and the implementation of the law in our country. This is about some facts at the outset.

Madam, coming to the facts, the exact village was Hardas Ka Bas. This village is near Deorala, and this incident took place at Deorala. We do not know the exact reasons. We do not know the actual facts. Some people say that it was voluntarily committed. According to the Bombay Union of Journalists report, she was dragged from a place where she was hiding, and she was put on the funeral pyre. Some different versions are there. Mr. Gurudas Das Gupta has given the incident of bringing wealth from her parents He also explained how the in-laws were greedy to take away the wealth. This may also be a reason.

Madam, in this particular incident, whatever may be the reason, whatever may be the practice, there are some persons who are guilty. Wherever there is an offence, there are offenders. In the legal terminology, offenders are called "accused—

[Shri Puttapaga Radhakrishna]

Accused No. 1, Accused No. 2, Accused No. 3", like that. Morally, the Government of Rajasthan is Accused No. 1, the Government of India is Accused No. 2 and the other offenders who took part in the offence are Accused No. 3. These are the three sets of accused in this case morally.

[The Vice-Chairman (Shri H. Hanumanthappa) in the Chair]

5.00 P.M.

Some people are trying to defend the Government of Rajasthan. There are serious lapses on the part of Rajasthan. I welcome the suggestion of Dr. Ratnakar Pandey who has suggested to expel the members of the Assembly on this incident. At the same time I would like to know from Dr. Ratnakar Pandey and the Congress party, why don't they apply the same principle to the Government of Rajasthan and to the faulty persons. As a matter of fact, the Government of Rajasthan i.e. the Chief Minister of Rajasthan should be tried for abetment of the offence.

AN HON. MEMBER: Why not to NTR?

SHRI PUTTAPAGA RADHAKRISHNA: Why to NTR? You are always dreaming of NTR. Ultimately NTR may come here and bring out a law. You always dream about NTR. Anyhow, the offence took place on 4th September and the Government of Rajasthan did not act for one week. When the High Court of the State ordered for banning the eleventh day ceremony, the Government then moved. Even then they did not take any effective step to prevent the ceremony. Afterwards also except bringing about Ordinance recently, which is a loose-knit Ordinance, there was no step taken by the Government of Rajasthan.

Regarding the Government of India, in the morning Mr. Chidambaram was trying to say that the Prime Minister is no different from the Government and the Government took action; that is why the Prime Minister was not inactive. Actually the pronouncement of the Prime Minister would have definitely activised the Government machinery. The Prime Minister was silent for three weeks. After 20th or 21st day, he opened his mouth and gave some statement on Sati. That is why the Government of India has also failed in its duty. So, the Government of Rajasthan and the Government of India have also failed in their duty.

When Mr. Chidambaram went to Rajasthan and when he was staying in Jaipur's Raj Bhavan, there was a demonstration of pro-Sati people outside the Bhavan. He had no guts to say that they were wrong and they cannot do like that. When they asserted that it was a religious matter of the Hindus and the Government cannot interfere with the personal law, the Minister had no guts to say that they were wrong and he simply said he would look into the matter. That was the action of the Government of India.

The stand of the Government of India is not definite. Sometimes they support fundamentalism and sometimes they talk all these things. In other cases also there are some instances which show they are fundamentalist. The Ministers who mostly depend on astrologers cannot take decisions on these matters. That is why they have to change their views to check these social evils which are buried in the pages of history. Some remedies are also to be thought of for promoting the women's welfare. I agree with Mrs. Jayanti Natarajan that there should be equal right to women in the parent's property. I would like to mention on this occasion that the Andhra Pradesh Legislative Assembly has passed a resolution recommending to the Government of India to bring about a law amending the Hindu Succession Act and the Indian Succession Act to give equal rights to women.

With all these things I severely condemn the incident of Sati and support the Motion.

श्रीमती सूर्यकांता जसवंतराव पाटील (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस

जलते हुए विषय पर अपनी व्यथा को व्यक्त करने के लिए खड़ी हुई हूं ।

महोदय, पिछले दो घंटों की बहस को सुनने के बाद मुझे ऐसा लगता है :

बस्ती-बस्ती भय के साये, कहां मुसाफिर रात बिताए ।
कुछ हिस्से हैं अय्यारों के, कुछ हिस्से हैं बटमारों के कुछ नीलामी, कुछ ठेके पर, कुछ हिस्से पहरेदारों के ।
जिसकी अपनी पीड़ा साक्षी, वह किस किसको घाव दिखावे ?
जिसकी आंख अबीधे आंसू, किसे किसे वह भाग बताए ?
कहने को दुनियां घर है, घर-घर में कितनी दीवारें ।
मानों में बघनखे छिपे हैं, तालू के नीचे तलवारें ।

श्रीमन्, कौन-कौन से तलवार से लड़ाई करेंगे ? किस किस के हाथ से आप तलवार छीनेंगे ? जिनके रोम रोम में तलवार छिपी है, जो औरत को रोदना चाहते हैं, जो औरत को गाढना चाहते है, जो औरत का दर्द भी सुनना नहीं चाहते, इस माननीय सदन की उपस्थिति से मुझे लगता है कि औरत को दफन करने का अधिकार जिस पुरुष ने प्राप्त किया उसके लिए कोई सजा नहीं हैं । पुरी के शंकराचार्य को विधवाएं बड़ा बोझ महसूस हुई । उन्होंने कह दिया कि राजा राम मोहन राय पापी थे और उनको पापी ठहराकर उन्होंने कहा कि विधवाओं का बोझ इस धरती पर बहुत बढ़ गया है । धिक्कार है ऐसे धर्मात्मा पर इस देश का कौन सा कानून है जो ऐसे धर्मात्मा को सजा दे सके ? इस देश में कौन से कानून है जो इस देश की औरतों को हकूक दिला सकेंगे, अपने जीने का अधिकार दिला सकेंगे । है कोई कानून आपका जो ऐसे धर्मात्मा को शूली पर चढ़ा सके ? कानून के महामहिम बनने वालों से मेरा एक सवाल है । मैं न तो कानून की विद्यार्थी रहीं हूं, न मैंने कानून पढ़ा हैं । लेकिन कानून को हम लोग बड़ी दूर से देखते हैं । जो कानून होते हैं, जो कानून आपके न्यायालयों में चल रहे हैं, सामाजिक न्यायालयों में, न्यायिक न्यायालयों में, जहां अन्याय के सिवाय कुछ नहीं होता क्योंकि जब न्याय देने की बारी आती है तो न्याय मिलना चाहिये वह नहीं मिल पाता क्योंकि न्याय देने वाले सारे लोग भी आप ही हैं । इतनी बड़ी चर्चा का सारा बोझ अकेले मार्गरेट जी के कंधों पर सौंप दिया और सब अपने-अपने कामों में खो गए । अकेले राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी जी ही क्या इसका बोझ सहेगी ? जो स्त्री स्वयं असहाय है, वही सबको उत्तर देगी । क्या यह उसके अकेले का दायित्व है ? बड़े सौभाग्य की बात है कि नरसिंहराव जी यहां अब उपस्थित हो रहे हैं हर परिवार में स्त्री जन्म लेती है, माता बनकर, बहन बनकर बेटी बनकर अपना सारा बोझ उस औरत के ऊपर आपने दे दिया, बाकी और कोई अधिकार आपने उसको नहीं दिया । न धन का, न बेटे का, न बेटी का, न परिवार की किसी आर्थिक सुविधा का आप कितने कानून बनायेंगे ? 158 साल पहले सती विरोधी कानून बनाया गया । राजा राम मोहन राय उसके लिये सता हो गए । इसके लिए बैंटिक और राम मोहन राय ने हिन्दुस्तान की दशा को देखकर कानून बनाया था 40 साल में आपका 41वां काला पन्ना हिन्दस्तान की तारीख में फिर से लिखा गया, हिन्दुस्तान की तारीख में 41वां पन्ना काला हो गया सूरज औरतों के लिए उदय होगा कि नहीं ? जयपुर जैसे गुलाबी नगर में घोर अंधकार हो गया अकेले रूप कंवर की ही कथा नहीं है, यह हिन्दुस्तान के घर घर की व्यथा है, घर घर में रूप कंवर को जलाया जा रहा है आज धर्मान्धता की आड़ लेकर और धार्मिक बन रहे है हमारे पुजारी लोग । पांडे जी ने ब्राहमणों का वर्णन किया । मैं जाति भेद को न मानने वालों में से हूं । मैं कहती हूं कि कब इस देश में ऐसे ब्राह्मण पैदा होंगे जो कहेंगें कि इनके इशारे पर मत चलो । जब अपनी बेटी का सवाल हो तो रेवलूशनरी बन जाते हैं और दूसरे की बेटी हो तो कहते है घर की बात है । राजमाता जी यहां उपस्थित नहीं है जिन्होंने धर्मयुग में कहा था कि यह आस्था की बात है । यह व्यक्तिगत आस्था हो ही नहीं सकती । यह तो सामाजिक व्यभिचार है । ऐसे लोगों के उद्गार सुनकर मामले को एक पक्षीय रूप दिया जाता है चाहे आप इधर से बोले या उधर से बोले समाज के सभी अंग हैं खाली राजनीतिक यश-अपयश के हम भागीदार नहीं बनना चाहेंगे । इस देश की सर्वोच्च सभा में मुझे बोलने का मौका मिला मैं इसके लिए आपकी आभारी हूं । आप लोगों के सामने इस देश की एक गरीब बेटी, ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली एक छोटी सी लड़की यह बोल

[श्रीमती सर्वकांता जयवंत पाटिल]

रही है कि एक रूपकुंवर का सवाल नहीं है वह तो घर-घर की रूपकुंवर का सवाल है जो दहेज की मार्फत जलाई जा रही है, तलाक की मार्फत जलाई जा रही है या किसी और मसले के उपर जलाई जा रही है। इस देश के सिख, ईसाई, मुस्लिम, हिन्दू हर जाति और धर्म की बेटी आपके समाज के दायरे में, समाज के कानून के दायरे में बन्द है। उन रूपकुंवरों को बचाने का आपका धर्म है। इस धर्म के ऊपर अगर हमारे शंकराचार्य बोलते हैं तो बड़े पूजनीय है, माननीय हैं। आपको पूजना हम अपना धर्म समझेंगे। वह दिन दूर नहीं जब इस देश की औरतें एक साथ एक आवाज में बोलेंगी। कि हम अपना कानून बनायेंगे। हम अपना धर्म बनायेंगे। हम अपना पीठ बनायेंगे। हम अपना शंकराचार्य इस देश में बनायेंगे। और बतायेंगे कि स्त्री का जीवन क्या है ? स्त्री के अधिकार क्या हैं ? वह वक्त आ गया है।

कानूनों की कमी तो कभी थी नहीं। कानून तो सालों से बनते आये हैं। मैंने देखा है कि इस सदन के 70 फीसदी हमारे संसद सदस्य भाई कानून के वकील हैं। एल० एल० एम०, एल० एल० बी०, बैरिस्टर पता नहीं क्या-क्या हैं। सी० आर० पी० सी० और आई० पी० सी० को मैंने थोड़ी दूर से देखा है वकीलों के हाथ में। सी० आर० पी० सी० और आई० पी० सी० इतनी बड़ी-बड़ी किताबें हैं न जाने इसके सारे कलम या कोड़ बताने वाले कोई हैं या नहीं क्या हमारे देश में कानून नहीं था ? क्या सी० आर० पी० सी०, आई० पी० सी० महज किताबें थीं ? कानून शुरू से बनते आये हैं। कानून हमारे पास थे। लेकिन जब-जब कानून बनाये गये तब-तब कानून से भागने के रास्ते खोजे गये। यह सामाजिक गुनाह सारे समाज ने किया। किसी परिवार ने नहीं किया, किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया यह समाज वृक्ष, समाज पुरुष सड़ गया है ; गल गया है। इसको खत्म करना पड़ेगा, काट गिराना होगा। इसमें आप सब को साथ देना होगा यह बड़ी शर्मनाक बात है कि 18 साल की रूपकुंवर 4 हजार साक्षियों के सामने जलायी गयी। देखने वाले देखते रह गये। 158 साल पहल जो स्त्री ने भोगा उसे राजा राम मोहन राय ने देखा और उसके लिए मर मिटे। आज मैंने सता बोल दिया। मेरे भाई सुबह बोल रहे थे कि सता कोई नहीं है। हम भूल गये राजाराम मोहन राय को जिसे जाति से, धर्म से बाहर निकाल दिया गया। आज तो राजाराम मोहन राय हैं नहीं। आप को, हम सब को राजाराम मोहन राय बनना है। महात्मा फूले बनना है, सावित्री बाई फूले बनना है। हम सब को कंधे से कंधा मिलाना होगा। खाली राजनीति को सामने रख कर आप बोलेंगे तो कल आने वाला इतिहास आपको कभी क्षमा नहीं करेगा। आपकी मां, आपकी बहन, आपकी बेटी, आपकी बीवी आप को कभी क्षमा नहीं करेगी। एक न एक दिन ऐसा आयेगा जिस दिन इस देश में स्त्री को लगेगा कि मैं रूपकंवर नहीं बनूंगी। (**समय की घंटी**) अब सवाल आता हैं कानूनों का। चिदरम्बम जी ने कहा हम कानून बनायेंगे। बड़ी खुशी की बात है आप कानून जरूर बनाइये। मार्ग्रेट आल्वा जी इसमें इजाफा करेंगी और सारे देश पर लागू करायेंगी। यह अकेले राजस्थान का सवाल नहीं है सारे हिन्दुस्तान का सवाल है। राजस्थान की बेटी अभी बोल रही थी। राजस्थान की एक लड़की तो ऐसी निकली जिसने अपने मुंह से कुछ बोल तो दिया वरना आपने उनको कौन से अधिकार दिये हैं ? आपने तो उसके मुंह पर सामाजिक बंधन लगा दिया है। सबेरे से मैं देख रही थी कि हमारे संसद के भाई किस तरह से सती के विरोध की चर्चा की खिल्ली उडा रहे थे, किस तरह से शर्मनाक बातें कर रहे थे। आज हमारे भाइयों को चाहिए कि वे हमारे दुख को, दर्द को सुनें और समझें और सारे देश में, करोड़ों जनता तक इसको पहुंचायें कि इस देश की बहन क्या सोच रही है, कौन सी मर्यादा में यह खड़ी है ? यह आपकी जिम्मेदारी है। वक्त की कमी

मेरे ध्यान में है लेकिन मैं अपनी बात कहे बगैर बैठूंगी नहीं। यह मेरा अधिकार है श्रीमन्। जब पैसो की बात आती है तो दस-दस घंटे बिठाया जाता है लेकिन जब स्त्री की बात आती है तो क्या हमारे दिल का दर्द नहीं सुनेंगे ? स्त्री के मुकाबले पैसे को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है, स्त्री को घर में बिठा दिया है। हमारी बात नहीं सुनेंगे ?

श्री वीरेन्द्र वर्मा (उत्तर प्रदेश) : आपकी बात सुनेंगे ?

श्रीमती सूर्यकांता जयवंतराव पाटील : ऐसी बात हम मानेंगे नहीं। अब हम भी अपने दिल का दर्द जरूर बतायेंगे। वह दिन दूर नही है जब हम अपने हकों को पहचानना शुरू करेंगे और यह जो सड़ा गला पुरुष समाज है, इस वट वृक्ष को गिरायेंगे। कुल्हाड़ी कहां से चलेगी मुझे पता नहीं है। पहला वार सदियों पहले किया गया था, 158 साल पहले बंगाल में राजाराम मोहन राय ने जो किया उस राजाराम मोहन राय के पथ पर कौन राय, कौन बोस, कौन गुप्ता और कौन पांडे चलता है ? इस बारे में हमें निराशाजनक उत्तर मिलता है लेकिन इस देश की युवा पीढ़ी निराश होने मे विश्वास नहीं रखती। हमारे पंत प्रधान ने हमको सिखा दिया है है कि हमें किस राह पर चलना है, इंदिरा जी के बलिदान ने हमको सिखा दिया है कि हमको अपने अटल विश्वास के साथ जीना है। हम उसी विश्वास के साथ जीयेंगे। हमें उस राह पर चलना है जो एक गांधी से दूसरे गांधी तक की हत्या ने हमें सिखाया है। हम उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं गवायेंगे। श्रीमन्, मैं इस सदन में बताना चाहती हूं कि मर्द प्यार करता है, उसको इसका हक है क्योंकि वह मर्द है उसके पास साधन है। ईवा और आदम के जमाने से मर्द प्यार करता है और अपने प्यार के हिसाब में ताजमहल बनाना चाहता है क्योंकि उसके पास पैसा है, अर्थ है, सारी व्यवस्था उसके पास है, उसको प्यार करने का अधिकार समाज ने दिया है। वह अपने प्यार की खातिर ताजमहल बनाता है लेकिन जब औरत प्यार करती है, वह अपने प्यार पर मर-मिटना चाहती है, अपने प्यार के साथ जीना मरना चाहती है तो उसके हिस्से में आ रहा है एक चबूतरा। ऐसे कितने चबूतरों की पूजा इस देश में की जायेगी पता नहीं। राजस्थान की क्षत्राणियों का प्यार अगर इसी तरह उमड़ता रहा तो राजस्थान एक कब्रिस्तान बन जायेगा छोटी-छोटी कब्रों का और हम कानून की आड़ लेकर कुछ नहीं कर पायेंगे। अभी हमारे भाइयों ने कहा कि उस चुनरी महोत्सव को सरकार ने बन्द क्यों नहीं कराया, समूह पर गोलियां क्यों नहीं चलाई। अगर गोली चलाते तो आपको मालूम है कि क्या होता ? अखबारों की सुर्खियों में राजीव गांधी को गालियां दी जातीं और मालूम लोगों की जान लेने के जुर्म में राजीव गांधी को घातिल ठहराया जाता। टोका करने वाले हमारे भाई दोनों तरफ से बात करना जानते है, बातों की गहराई में नहीं जाना चाहते है, जानबूझकर नही जाना चाहते। उनको सब पता है, उनको सब मालूम है कि मासूम लोगों पर गोली चलाने का मतलब क्या होता है। कानून की परिधि को बढ़ाकर यह मसला हल नहीं होगा। जो बात मैं कहना चाह रही हूं वह यह है कि कानून तो बनाइये, कानून के जरिये अच्छे लोगों का संरक्षण जरूर होगा लेकिन समाज के अन्दर बैठे हुए जो बददिमाग लोग है उनके ऊपर कौन सा कानून चलेगा। उनके ऊपर किसी भी कानून का बधन नहीं है, नहीं तो श्रीलंका में इस तरह की स्थिति न होती, पंजाब में इस तरह दिन दहाड़े लोगों का दहन न होता और असम मे इस तरह ज्वाला न धधकती। यह दिमाग की तलवार बहुत बुरी चीज है। हमें इस दिमाग की तलवार को ठीक बनाना होगा तभी हम राजस्थान की गंदी तलवारों का सामना आसानी से कर सकेंगे। राजनैतिक हालात को भी सामने रखकर हमको यह लड़ाई लड़नी होगी। समाज में व्याप्त इस कुरीति का, इस कुप्रथा का हमें इस तरह से सामना करना होगा। इसके लिये देश में रेवोल्यूशन लाना पड़ेगा और औरतों को उनके हकूकों को देना होगा, उनके हकूकों को

[श्रीमती सूर्यकांता जयवत राव पाटील]

बढ़ाना होगा । कानून के जरिये, सामाजिक न्याय के जरिये आप अगर औरतों का दर्जा बढ़ायेंगे तब जाकर कहीं यह देवराला को रूपकंवर मरने से बच सकती है, तब वह पूर्णतः बच जायेगी । अन्यथा कोई न कोई अंगार देने आ जायेगा, कोई न कोई उसकी तलवार लेकर रक्षा करेगा । आज तक राजस्थान सरकार ने इस संबंध में क्या किया, भारत सरकार ने क्या किया, ये सारी बातें आपके सामने हैं । अभी यहां पर राजस्थान सरकार के बारे में, उसके कार्य के बारे में कमजोरी बताई है । मैं फिर बताना चाहती हूं कि इस संबंध में जो सख्ती बरतनी चाहिए थी वह सख्ती बरती नहीं गयी । इसके पहले भी चालीस घटनायें स्वतन्त्रता के उपरान्त हो चुकी हैं । कुछ औरतें पता नहीं अभी भी जिन्दा वहां पर मरने के लिए उपोषण कर रही हैं । मुझे नहीं लगता कि यह सच बात है । यह तो अखबारों की सुर्खियां हैं । देवराला की घटना को देखने के बाद एक फ्री-लांस रिपोर्टर मनीबाला ने अपनी रिपोर्ट में कहा था शायद इस मनीबाला का नाम कहीं आया हो वह भी अकेली थी जिसने अपनी आंखों से देख कर अपने कानों से सुन कर रिपोर्टिंग की थी उसको कुछ लोगों ने बताया जो पेड़ के ऊपर चढ़ कर बैठे थे उन लोगों ने खुद अपनी आंखों से देखा रूप कंवर हाथ ऊपर उठाकर चिल्ला रही थी पापा पापा बोल रही थी उधर उठने को कोशिश कर रही थी। अफीम खिलाने के बाद भी रूप कंवर को नशा नहीं आया था। रोटी सेंकते वक्त एक चटका लग जाता है तो आदमी 10 - दफा बरनौल मलता है। 18 साल की आठ महीने की इस वधु को जलते हुए क्या कुछ तकलीफ नहीं हुई ? आठ महीने में इस वधु में कौन सी पति परायणता आ गई ? उसका पति बीमार था । उसके बारे में भी मनीबाला ने लिखा है वह बीमार क्यों था, वह डिप्रेशन का शिकार था । उसको नौकरी नहीं थी । वह बार-बार आत्महत्या करने के लिए प्रयत्न कर रहा था और शायद आत्म-हत्या के प्रयास में वह खुद मर गया । उस प्रयास को छिपाने के लिए उस आत्म हत्या को छिपाने के लिए रूप कंवर को सती कराया गया । एक गुनाह को छिपाने के लिए दूसरा गुनाह किया गया । यह तो होना ही है । जब क गुनाह आप करेंगे तो 100 गुनाह आपको करने होंगे । उस रूप कंवर को यह रूप दिया गया कि यह सती हो गई है । आज सती का बाप कहता है कि मैं तो बड़ा भाग्यवान हूं क्योंकि प्रातः स्मरणीय देवियों में हमारी बेटी आ गई है । हमारे देश का इतिहास साक्षी है कि हमने देवियों को प्रातः स्मरणीय कर दिया क्योंकि प्रातः स्मरण नहीं करें । तो खाने को रोटी नहीं मिलेगी । श्रीमन, यह आस्था वहीं तक सीमित है । औरत को घरघर में आपने बन्द कर दिया कभी मन्दिर में, कभी मस्जिद में, कभी प्रातः में कभी शाम को, औरत को आपके भोग की वस्तु बन कर के रह गई है । उसको इस समाज ने माल-भत्ता समझा इसलिए औरत की आज इतनी घृणित और विकृत स्थिति उत्पन्न हो गई है । श्रीमन, रूप कंवर की उस अन्तिम पुकारों को किसी ने नहीं सुना । श्रीमन, एक पत्रकार ने उसको सुना और उसको उजागर कर दिया । शासन को न जाने क्यों उसकी पुकार सुनाई नहीं दी । चुनरी महोत्सव जो इतना बहुचर्चित हो चुका था शासन कहता है कि 55 हजार या 5 लाख लोग पहले से ही देवराला पहुंच गये थे । मैं फिर से इस बात को दोहराना चाहती हूं जिसे मेरे भाई और बहन ने दोहराया है कि हमारी सारी मिलिटरी फोर्स कहां गई थी, उसने क्यों नहीं पहले से देवराला को घेर लिया, क्यों नहीं मिलिटरी को देवराला में घुसाया गया ताकि रूप कंवर जलने से बच जाती ? इससे पहले भी इस तरह के प्रयास हुए हैं लेकिन हमने नहीं किया । गुनाहगार चाहे जो हो सजा उसको चाहे जो हो ऐसे लोगों का शासन से इस समाज से बहिष्कार करो । यह हमारा आह्वान है और इस आह्वान को आपको स्वीकार करना पड़ेगा । ऐसा घृणित

अत्याचार करने वाले लोग जितने गुनाहगार हैं उससे भी कहीं ज्यादा गुनाहगार उस अत्याचार को देखने वाले लोग हैं। अन्त में मैं यह कहूं कि धर्म को राजनीतिक शक्ति का हथियार बनाने का जो उद्योग चल रहा है उस उद्योग को रोकना होगा और यह कदम सांस्कृतिक शक्तियों को बढ़ाना होगा। यह अकेले शासन का काम नहीं है, यह किसी सरकार का किसी व्यक्ति का किसी कानून का काम नहीं है। इसके लिए मेरी फिर से अपील है सारे देश के नेताओं से, सारे देश के लोगों से कि आपको एक सामाजिक आन्दोलन खड़ा करना होगा और इस सामाजिक आन्दोलन के जरिये से रूप कंवर बच सकती है अन्यथा नहीं। धन्यवाद।

डा० बापु कालदाते : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं खुद बहुत गंभीरता से सारे सम्मानित सदस्यों का भाषण सुन रहा था। बहुतांश महिला सम्मानित सदस्या जिस भाव विवशता से बोली वह मैं सिर्फ स्वाभाविक नहीं मानता लेकिन यह नैसर्गिक भी है और उचित भी है ऐसा मैं मानता हूं क्योंकि इस दुख की अनुभूति जितनी उनको है उतनी शायद अनुभूति न हो लेकिन सह अनुभूति अवश्य है, यह बात मैं आपको कह देना चाहता हूं। यह बात भी स्पष्ट है कि अब तक के सारे भाषण हम लोगों के लिए एक अंतपरीक्षण का मौका है, ऐसा मैं स्वयं मानता हूं। मैं यह भी मानकर चल रहा हूं कि इस देश में ऐसी कई घटनाएं जो उभरकर आती हैं उससे समाज का मानस फिर से एक दफा खुद को सोचने लगता है और न सिर्फ सोचने लगता है बल्कि इन बुरी प्रथाओं के खिलाफ खुद को सुसज्जित करने और उनका मुकाबला करने का प्रयास भी करता है। यह बात कहते हुए और भी एक बात मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं जो जयंती नटराजन ने कही, उनसे मैं बिलकुल सहमत हूं कि किसी भी पार्टी के हों, भले ही मेरी पार्टी के भी हो सकते हैं लेकिन उनकी निर्भत्सना अत्यंत आवश्यक है, ऐसा मैं मानता हूं और जनता पार्टी ने जो भी कुछ प्रस्ताव या बयान इसके संबंध में दिये हैं उनमें उनकी निभत्सना अवश्य की है। यह मैं सियासती माहौल नहीं बनाना चाहता हूं इसलिए नहीं बनाना चाहता हूं, हालांकि यह बात सही है कि हमारी सारी सियासत वोटों की तरफ जाती है जैसा कुछ लोगों ने कहा और जब वोटों की तरफ जाती है तब कभी कभी हम इतने पापूलिस्ट बनते हैं कि जिस कारण जो बुनियादी सिद्धांतों के ऊपर डटकर खड़े रहने की हिम्मत लगती है उस हिम्मत से हम लड़खड़ा जाते हैं। इसमें हमारे भी कुछ लोग हैं। व भी निंदा के पात्र हैं यह बात मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं लेकिन इस विषय को मैं इस स्तर पर नहीं लाना चाहता हूं। मैं स्वयं मानता हूं और इस बात को समझिए कि एकाध पार्टी के एकाध व्यक्ति की गलती की सजा उसको मिल सकती है

What is the Government meant for? The Government is to implement the decisions, the will of the people, the will of the Constitution and the fundamentals in the country. But here the Government has faltered.

हमारी शिकायत सरकार से यह नहीं है कि हरदेव जोशी ने क्या बयान दिया, कोई एक्स कांग्रेस के नेता ने युवा कांग्रेस के किस नेता ने क्या बयान दिया लेकिन जो सरकार इसके लिए बनी है, कि वह संविधान को लागू करे, जो कानून, जो मर्यादाएं, जो समानताएं, बुनियादी सिद्धात इस देश में प्रतिष्ठापित हुए हैं अगर इनको उसने लागू नहीं किया तो उनको कितनी कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इसका भी आत्मपरीक्षण हम लोगों को करना होगा। मैं कोई एक राजनीतिक दृष्टि से नहीं कह रहा हूं। लेकिन यह सरकार इसमें टोटल फेल्योर है इस राय पर मैं पहुंचा हूं। एक आदमी को निकाल सकते हैं पार्टी से, जनता पार्टी के किसी आदमी को सस्पेंड करना है तो अवश्य करें। लेकिन जो सरकार फाल्टर हो गयी उसको सस्पेंड करने के बारे में आप क्या कर रहे हैं यह आपके लिए हमारा सवाल है। करना चाहिए था आवश्यक था ऐसा मैं मानता हूं। इसके लिए मैं मानता हूं जिनकी गलती है तो उनको निकाल दीजिए क्योंकि मैं स्वयं 'सती' की घटना एक लक्षण मानता हूं :

[डा० बापू कालदाते]

It is a symptom of the deep-rooted cancer which is erupting in the policy and in the society of our country.

म इस नतीजे पर आया हूं कि इस देश में जो समानता के सिद्धांत हैं जो व्यक्ति की गरिमा के सवाल हैं जो गरीबों के अनाज के रहन-सहन के सवाल है इन सबको दबाने के लिए इस देश में एक बड़ी लम्बी साजिश चल रही है। यह घटना मैं उसका ही लक्षण मानता हूं। यह सारी नयी कल्पनाओं को तोड़ने मरोड़ने के लिए जो प्रयास इस देश में चल रहा है इसी से सती के

The glorification of *sati* is a part and parcel of the effort to sabotage, *sazish*, which is going on in this country.

यह सब साजिश है। इसको एक इंसीडेंट के रूप में मत देखिए। यह इंसीडेंट बहुत ही गंदी है, निंदनीय है, घृणास्पद है, अमानूषिक है इसमें कोई दो राय नहीं है। मैं आपको खुद कितनी मिसालें दे दूं। कुछ छोटे-छोटे मसलों पर इस देश में जिस ढंग की लड़ाइयां छिड़ रही हैं, पाकिस्तान, आस्ट्रेलिया का मैच हो गया। आस्ट्रेलिया नहीं जीती किसी ने पटाका छोड़ दिया और बम्बई में रायट शुरू हो गया। मेरठ में कोई घटना हो गयी, रायट शुरू हो गया। मराठवाड़ा के दलित लोगों को जमीन मिलनी चाहिए, हमको नहीं देनी है, शिव सेना खड़ी हो गयी, भूमि पुत्र खड़े हो रहे हैं।

All this fanaticism is growing in the country.

हमारा दुख यह है कि जो प्रगतिवादी शक्तियां हैं वे कमजोर हो रही हैं। इसी का सबसे बड़ा मुझे दुख है। यह दुख इसके लिए है कि अगर ये प्रगतिशील शक्तियां खुद को कमजोर मानेंगी और जहां अपना शासन होगा वहां शासन को भी अगर समर्थ बनाने में असफल रहेंगी, तो आज आप भले राजस्थान में रहेंगे, न आप रहेंगे, न हम रहेंगे। यह देश, जिन ताकतों के खिलाफ हम बुनियादी तौर पर हम स्वतंत्रता के मूल्य जताये हैं, जपाये हैं, उन सारे मूल्यों को खत्म करने का प्रयास इस देश में चल रहा है। यही मुझे सब से बड़ी दर्दनाक व्यथा लग रही है कि —

—Fundamentalism is growing in this country. Whole fanaticism is coming up like that. Resurgence of the violent traditions is coming up and we are feeling helpless.

यह जो हमारी अगति कला है, इस अगति कला को सब मिल कर अगर हम लोग प्रयास करें, तो हो सकता है कि उन पर भी हम काबू पा सकेंगे। मैं इस बात को एक और दृष्टि से आपके सामने जरूर लाना चाहता हूं और वह यह है कि यह बात सही है कि—क्योंकि यह बात सब लोगों ने कही, जिसमें मैं ज्यादा नहीं जाना चाहता हूं कि यह कोई धर्म से संबंधित नहीं है। यह प्रथाओं की बात है। इन प्रथाओं के बारे में बहुत कुछ चिंतन हो गया है, लेकिन इस प्रथा का एक बहुत बड़ा कारण, जो आप सब लोगों ने कहा, खास कर के हमारे माननीय सदस्यों ने कहा कि हिन्दुस्तान के समाज में स्त्री की अप्रतिष्ठा और उसकी असमानता की जो धारा प्रथाओं के जरिए चली है, उसका सब से बुरा असर अगर किसी पर होता है, तो विधवाओं के बारे में होता है। आप जानते हैं कि महाराष्ट्र में अगरकर जैसे निकले। महाराष्ट्र में यह प्रथा चलती थी कि विधवाओं का केश वपन किये जाते थे। पहले रहे अगरकर जी कि जिन्होंने इसके खिलाफ आंदोलन चलाया। उनकी प्रेत यात्रा उनके जीवन काल में ही लोगों ने निकाली, यह हम भी जानते हैं और आप भी जानते हैं। लेकिन यह जो प्रथा है; इसने विधवाओं का जीवन असहय बनाया, विधवाओं के लिए आज भी समाज में है कि वह वस्त्र ऐसे पहने, वह किसी सौभाग्य के, किसी मंगलमय समारोह में उपस्थित न रहें, न किसी के जन्मदिन पर, न किसी की शादी पर जाएं, वह दूर रहे —

And she was isolated like that.

कभी-कभी तो शायद उनको यही लगता होगा कि इस अमानुष जिंदगी जीने के बजाए तो अच्छा है कि हम मर ही जाएं। यह जो व्यवस्था तैयार की है, गुनाहगार हैं मि० मनु को मानता

हूं लेकिन यह है जिन्होंने जाति व्यवस्था तैयार की, यह हैं जिन्होंने स्त्री को घृणित बनाया है, जिन्होंने समाज की सारी सामाजिक समस्यायें, समानता की समस्याओं को नष्ट करने का प्रयास करके एक उच्च वर्णीय व्यवस्था का प्रयास किया, इसका हम फल भुगत रहे है । लेकिन इसके लिखाफ अगर हम लोगों को प्रयास करना है, तो मैं मानता हूं कि यह चार-तरफा —This must be a multi-pronged attack.

मैं आखिर में आपको इतना ही कहने के लिए आया हूं—This is not only the law.

यह बात सही है कि आपका जो आई० पी० सी० 306 है, इसमें मेरा सुझाव यह है कि 306 आई० पी० सी० में कैटेगारिकली सती का उल्लेख होना चाहिए because IPC 306 only deals with crime of suicide and abetment to suicide.

मैं यह कहता हूं कि सती को इस स्तर पर लाना चाहिए—that it also become equal to whatever is in 306 IPC.

दूसरी बात यह है कि यह जो बैंटिक की बात हम कहते हैं, लार्ड डलहोज़ी की बात कहते है, 1829–30 वाला वह मद्रास का भी है, लेकिन वह रीजनल रहे हैं । यह जो आप कानून सारे देश के लिए ला रहे हैं, मैं सोचता हूं कि इस कानून को तुरंत लाने का प्रयास हम लोगों को करना चाहिए और Education and public pressure must also go together.

लॉ तब तक ही सीमित है जब तक जनता उसको स्वीकार नहीं करती है । तब तक लॉ के माध्यम से लोग इधर-उधर भाग जाते हैं । तो लॉ को अगर सख्त बनाना है, तो जनमानस तैयार करने की प्रक्रिया बहुत सख्ती से चलानी चाहिए और नरसिंह राव जी यहां हैं, मैं उनको कहूंगा कि सारे पाठ्यक्रम को एक दफा आप देखिये । महाराष्ट्र में हमने कोशिश की थी कि सरकार की जितनी किताबें हैं, वह सब हमने छानबीन करके सरकार को एक लम्बी लिस्ट भेजी थीं कि इसमें से यह जो पाठ—अघड़े कहते हैं मराठी में, पाट ही कहते होंगे हिन्दी में, उन पाठों में से इन को निकाल दीजिए— because they are perpetuating the traditional approach in the country.

यह जो टी० वी० है आपका, टी०वी० पर आप सिनेमा देखते हैं, सिनेमा में जब एक्सीडेंट हो जाता है, तो वह भगवान के पास चले जाते हैं, तो ठीक हो जाता है— Can this evolve a scientific mind? Can this evolve a scientific attitude?

अगर यह साइंटिफिक एटिट्यूड नहीं चलेगा, तो इन्हीं साधनों के जरिए आप जिसका मुकाबला करना चाहते है, वह नहीं होगा । इसके लिए टी०वी० का माध्यम हो, आपका शिक्षा का पाठयक्रम हो, आपकी शिक्षण की व्यवस्था हो । मैं आपको कहूंगा और अल्वा जी मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा खासकर इन सब महिला संगठनों को आप उत्तेजना दीजिए, उनकी आप मदद कीजिए, उनको इस आंदोलन में बहुत विगरस कैम्पेन चलाना होगा इसके लिए आप सरकार की तरफ से करें या न करें लेकिन उनको यह दिलासा दें, उनको यह विश्वास दें, शक्ति दें कि आपका जो इस देश में आंदोलन है जो कि आप बुरी प्रथाओं के खिलाफ चला रही हैं उस आंदोलन में हम आपका साथ देंगे और हम आश्वासन देते हैं कि जो हम जैसे लोग हैं जो कई सालों से ऐसे आंदोलनों से जुड़े हुए हैं हम यह आश्वासन दे सकते हैं कि इन आंदोलनों को आगे बढ़ाने के लिए जो प्रयास इस देश में चलेंगे उसमें हम भी रत्ती भर पीछे नहीं रहेंगे । इतना ही हम कह सकते हैं । ..... **(व्यवधान)**

कल्याण मंत्रालय की राज्य मंत्री (डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी) : कल्याण सिंह कालवा को जो है 24 घंटे से निकाल दिया है । पार्टी से निकाल दिया । .... **(व्यवधान)** एक्सप्लेन करें ।

डा० बापू कालदाते : मैडम, आप थी नहीं, मैं इसके बारे में बोला हूं ।

डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी : एक्सप्लेन करें । ..... **(व्यवधान)**

डा० रत्नाकर पाण्डेय : अखबार में पढ़ा । .... (**व्यवधान**)

आपकी पार्टी ने निष्कासित किया या आपकी वाणी से इस सदन में सुना गया ।

ठाकुर जगतपाल सिंह : एक बात मुझे कहनी है पुरी के शंकराचार्य ने जो बात कही है कृपा करके सभी पार्टियों द्वारा इस बात के लिए तय हो जाए कि उनको फौरन एरेस्ट किया जाए ? .... (**व्यवधान**)

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Let us agree.

डा० बापू कालदाते : हम तैयार हैं । .... (**व्यवधान**)

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: If the House reaches a concensus, I endorse it fully. Let the Government agree to the arrest of Shankaracharya.

श्री वीरेन्द्र वर्मा : माननीय मंत्री जो बैठे हैं, हम सब बैठे हैं, शंकाराचार्य जी को एकदम गिरफ्तार किया जाए ।

डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी : उपसभाध्यक्ष जी, जो पोलिटिकल पार्टी का डिस्सिलिन है, जो लागू हो सकता है वह लागू करें, फिर उसके बाद दूसरे की बात करें ।

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: I have already said that notice was issued to him. He has been suspended by the Party.

DR. RAJENDRA KUMARI BAJPAI: Suspension is nothing....

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: We are removing him.

DR. RAJENDRA KUMAR BAJPAI: Why not you expel him?

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: I say, you prosecute him. It is a shame to have him in our Party. I express on the floor of the House that it is a shame and a disgrace to have him in our Party. I do not want him. We are against him. (*Interruptions*)

SHRI VIRENDRA VERMA: You prosecute Shankaracharya. (*Interruptions*)

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT AND THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): I just want to say that from the speeches a good consensus is emerging. Let us encourage it. And I would like to tell Bapusaheb—of course, he knows me and I know him for many decades—and he also knows that there are people in all parties in this country... (*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: There is none in our party.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE (West Bengal): There is no one in our party...

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: You did not listen to me. I was saying.....

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I can assure the House that there is not a single soul in the Communist Party of India or in the Marxist Communist Party of India who can be an accomplice.... (*Interruptions*)

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: If one-fourth of a sentence just inspires them to get up in their seats and anticipate the remaining three-fourths, then it is a very unfortunate situation, Sir.

SHRI NIRMAL CHATTEREE: Even that statement is not fair enough. There is a distnction between 'all parties' and 'all parties altogether'.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: I have no quarrel with any Member of any Party claiming to be superior to all other parties. What I am saying is, as a GCM and an LCM, there are good people, people who are prepared to take up this cause, motivated enough, patriotic enough to take up this cause.

And let us create a consensus and that is the only way of dealing with social evils.

This has been proved time and again and I would like the House to come up with a consensue like this so that everybody's hands are strengthened. It is not a question of Government or not Government. The point is that consensus should come as a *janawakya* and I welcome this opportunity which this House is giving to see that such a consensus comes up.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: To put the record straight, I may mention that there has not been a single speech which indicates any discord, and as the Hon. Minister has stated, there is consensus amongst all the parties.

डा० बापू कालदाते : उपसभाध्यक्ष जी, मुझे बड़ा दुख हुआ कि वाजपेयी जी किसके लिए नाहक खड़ी हुई । आप थीं नहीं । आप थीं नहीं । ... **(व्यवधान)**

डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी : लेकिन यह फेक्ट है कि सस्पेण्ड किया है, एक्सपेल नहीं किया है । सस्पेण्ड और एक्सपेल में फर्क होता है ... **(व्यवधान)**...

डा० बापू कालदाते : आप जानती हैं, यह तो इगनोरेन्स का सवाल है । No Member of Parliament and no MLA can be thrown out of the party under Janata Party's constitution without the permission of the national executive. मैंने इसके लिए कहा कि मुझे दुख है । जो नरसिंह राव जी कह रहे थे, वह ठीक है, आप मेरे बारे में कहते रहेंगे तो ठीक है । मैं इतना ही कहता हूं कि मुझे दुख है कि मैं जिस स्तर पर इसको ले जाना चाहता था, आपने नाहक... **(व्यवधान)**...

डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी : यह 5 हजार, 50 हजार, एक लाख की भीड़ निकाल रहे हैं, आपकी जनता पार्टी के निकाल रहे हैं ।

डा० बापू कालदाते : आप उनको अरेस्ट कीजिए । Your Government can arrest them. I have no objection to it.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: We are with you on this. There was a Congress MLA present on that occasion. What have you done?

DR. RAJENDRA KUMARI BAJPAI: That is not the point. राजस्थान में उसमें कल्याण सिंह कालवी नेतृत्व कर रहे हैं और वह आपकी पार्टी के हैं ।

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: There was a Congress MLA also there.

डा० बापू कालदाते : मैं इसलिए इसमें नहीं गया कि आपकी सरकार है । किसने रोका है आपको पकड़ने के लिए । हमने तो नहीं रोका । अगर हम यह बयान देते आपके खिलाफ कि क्यों पकड़ा तो कहते । अपनी कमजोरी पर दूसरों पर क्यों आरोप लगा रहे हैं ?

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: These are two different matters. Consensus is a different matter. Expulsion from party and non-expulsion are a different matter.

डा० बापू कालदाते : नरसिंह राव जी, यह कोई स्वीकार नहीं करेगा कि आप हमारे बारे में कुछ भी यहां कहते रहें और हम चुप बैठे रहें । हमने यह नहीं कहा, हम बड़ी संतुलित बात इसके लिए करते हैं कि हम इस सदन को इसके लिए इस्तेमाल करना गलत मानते हैं .....

I do not believe in this. Whatever politics I have to do I will do it on the roads. I do not do politics here. Because I believe in certain values and the values which have been inculcated in our life in the freedom struggle movement, I stand for them and we fight for them. I do not fight for petty quarrels in the House. I fight for values and I want that we should fight together. Unfortunately my difficulty is that...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You address the Chair.

डा० बापू कालदाते : तो सदन का समय जो मेरे कारण बर्बाद हुआ, इ लिए तो मुझे क्षमा करें, इतना ही

[डा० बापू कालदाते]

कह सकता हूं। लेकिन यह अच्छा नहीं हुआ, यही कह सकता हूं।

मैं यही सिर्फ आखिर में कहूंगा कि It must be a four-pronged attack on all these things.

और भले किसी को कुछ कहें, जो कहना है, कहिए। मुझे कोई एतराज नहीं इसमें। लेकिन जो भी प्रोंग्ड अटेक करना है, उसमें सरकार को भी सख्ती से खड़ा रहना चाहिए।

After all, the Government is there to help such maters.

यह बात मैं मानता हूं कि सियासती दल सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया अकेले नहीं चला सकता है। जो सामाजिक शक्तियां होती हैं, उनको प्रबल बनाने का काम अगर हम सियासती दल के साथ कर सकते हैं तो एक तरफ सियासती दल की शक्ति और दूसरी तरफ सामाजिक परिवर्तन की शक्तियां यह अगर इकट्ठी आ जाती हैं तो इस देश को खतरनाक स्थिति में ले जाने वाली सारी शक्तियों को हम नाकामयाब कर सकेंगे। इस दृष्टि से इस प्रश्न की तरफ हम लोगों को देखना चाहिए। इतनी मेरी आपसे प्रार्थना है।

DR. H. P. SHARMA (Rajasthan): Mr. Vice-Chairman, deep concern has been expressed, enguished concern has been expressed, justified concern has been expressed from all the sections of this House opposing what happened in Deorala on September 4 when a hapless girl Roop Kanwar, barely out of her 18 or 19 years of age, was burnt alive in the name of medieval Hindu values which has compelled the entire nation to hold its head in shame. I do not think there is very much more to debate on this question, that it was a murder, a cold-blooded murder, a gruesome murder, casting a slur on the nation. While the tragedy of the debate like this will go away the shadow of Roop Kanwar will keep on haunting this nation and this House for quite some time to come. Again this is my submission that we are fighting the windmills and we are not willing to face the issues that are at the root of the problem. *Sati* has been there. We unequivocally oppose it. But that is not the issue facing the nation today. The issue is the oppression and supperssion of women in the Hindu society. Unless you can do something about it, nothing is going to happen.

Just a minute ago, Mr. Kalyan Singh Kalvi's name has been mentioned. I come from Rajasthan. He is the Chairman of the State Janata Party there. He has given a lead for the protection of the *Satipratha* in a way. But that is not my-point of contention. I consider Mr. Kalvi totally irrelevant. Who is kalvi? Why don't you face the issues that are before us? Ten kalvis can be there. You throw him out of the party; you take him away but don't think it settles the matter. We must put the problem in the right perspective and only then we can have a meaningful debate on the issues.

Sir, Deorala is not the same of one village in Sikara district alone. Deorala is located in every *gully*, every *mohalla*, every *koocha* of this city, leave alone smaller cities in this country. Deorala is not one small village located somewhere else. It is here. Are we willing to find those Deorala and the perpetrators of those crimes? That will be the issue by which we shall be judged. Unless we are prepared to go deeper, into the roots of the malaise, we will be, as I said, fighting the windmills and will not get anywhere. I wish—that is no slur on what has been said here—that the debate should have steered away from party lines. Mr. Das Gupta said at the beginning, but that is his own way of doing things. The problem right now before us is, of course the debate is concerned about Roop Kanwar's murder and immolation; but the real problem—I am repeating myself—is the supperssion or the oppression of women in the Indian society. The Prime Minister summed up the tragedy squarely when he described it as utterly reprehensible and barbaric act of national shame. I would like to end it here. But a few points about the actual sequence of events about Deorala, I would like to place before the House because in a problem as deep as this, where we should have given the deepest thought, I feel the actual facts should also come before

us. I say it on the floor of the House, and that will be correct to say, that the *Sati* incident at Deorala was a swiftly conducted affair. No information was given or could have been given to the police station. I say this from what I have been able to gather. There could have been no lapse on the part of the administration. I will come to this point afterwards. The message reached the police station hours after the pyre had been lit. The swiftness of the operation can be gauged from the fact that even Roop Kanwar's father and mother, living in Jaipur, which is at a close distance, were not informed. The whole operation was done in a swift and fast manner. In that event, how can you put the blame on the administration? Of course, we have our own way of gauging and judging things. But three exactly similar incidents of attempted *sati* were going to take place and the administration did successfully prevent them. It cannot be said that action is taken in three other cases of *Sati* but in the fourth one, they will go scot-free. This was not the case.

One point which can be debated is the *Chunri Mahotsav* which took place thirteen days afterwards. I hope the House will not come to a hasty judgement about this, as to what should have been done. All parties—mind you, not one party alone—people from all parties agree that the people who gathered there were betwen 2.5 lakhs to 4 lakh in number and had gotten there in the cover of darkness There can be different opinions on what should have been done, how the crowd could have been dispersed. These are all easy ways of doing things. I would like to ask, when three or four lakh people gather in the darkness of the night, what do we do? There is no easy way out. You cannot try to circumvent it. You should be prepared to face the facts. We should put our finger on the disease, on the cancer which is inside us. Otherwise, as I said, we will only be tilting at the windmills. How could this crowd of three to four lakhs have been managed? I will just leave it at that. It is all very nice to say that we could have sent the armed forces and all that. But is it the way a nation of 60 crores should be facing this challenge? The challenge lies somewhere else. This is my respectful submission. If anything comes out of this debate, it should be towards the removal of this evil. I have already said that Kalyan Singh Kalvi is irrelevant. I do not want to even discuss him here. Let him do whatever he likes. We must face the problems which are before us. (*Time bell rings*)

AN HON. MEMBER: He is from Rajasthan.

DR. H. P. SHARMA: These are some of the facts which should make us think. Deorala is not an isolated small hamlet. It is only a few kms. away from the Delhi—Jaipur highway. It has two high schools, one for boys and another for girls. It has electricity and running water. It has been on the TV map for the past fifteen years. The father-in-law is a school teacher, husband a B.Sc. and the girl is matriculate. What I want to say is that even in this milieu, a tragedy like this can happen. The report is that there were about 4 to 5,000 people there but not one person came out to help the girl. What dos it show? Should we think on political lines? The entire nation, specially the Hindu religion, should see its face in the mirror and I do not think one would see a flattering image there. The ceremony was conducted in the presene of 5,000 people. To get over the legal hurdle so that action could be taken against those responsible, an Ordinance was promulgated later on. There could again be a debate that there was a time-lapse. One can say that it could have been done earlier. Perhaps, it could have been done earlier. I am not saying about that but I am happy that the Ordinance has gone beyond denouncing, condemnation. Condemnation is one part, but we ought to put in some structural, remedial actions and the Ordinance has certainly gone and given teeth to the Government, given it wide powers. It has given, for the first time, death penalty or life term or fine for those who incite a widow to commit suicide. Mind you, death penalty for those who incito and there is regorous imprisonment ranging from one to seven years. There is a provision for rigorous

[Dr. H. P. Sharma]

imprisonment up to five years and fine of Rs. 2000 for those who violate even ban orders. There is a provision of special courts and the burden of proving innocence will lie on the acused. These are major steps that have been taken for pre venting recurrence of such a thing. The fact is, the Hindu society still condemns its women folk to live a second-rate citizen's life. Perhaps I am repeating it. but I will go on repeating what I have to say that whenever a man loses his wife, even before the 13 days of mourning are over there are proposals for his remarriage, nothing very new or nothing very shocking. You go to any place, whether it is Delhi or any other city. Before the 13 days are over, there are proposals of remarriage. Of course, it will be done with delicacy and certain sophistication that here is a time of mourning and we should do not make any show, but this is your image in the mirror. This is what I want you to look into. Age is no bar for a widower, whether you are 40 or 50 and there might be daughters of marriageable age. They would be asked that a favour was being made to them and that they should accept it.

Mr. Vice-Chairman, I have looked into a nice study of dowry deaths. The study has been conducted under the Ministry of Shri Narasimha Rao, by the Centre for Social Science Research. But then there are cases that are taken from Delhi, but the police instrument could only go up to that extent and not all he way. Jayaprakash Narayan Hospital admitted in 1985 alone 381 married women of 16 to 30 years with third degree burns. I will just leave all that but read one sentence from that report and I quote: "If physically and mentally tortured cases are also included, then the intensity of the victimisation of women due to dowry demands would project the brutality of an inhuman and sick society." This is the sum and substance of the entire study.

[The Deputy Chairman in the Chair]

Madam, there is one happy thing which I can place before you that we are really a secular State when it comes to the dowry deaths. The study shows that out of these deaths 68 per cent were Hindus, 17 per cent were Muslims, 15 per cent were Sikhs. Now nobody can say that we are not a truly secular State. At least in the shameful acts that we perpetrate or what ever goes on in the society, we are truly secular.

Sometime ago, Professor Nirad Choudhury, for whom I have great respect, he wrote a series of books, he tried to raise a finger on the Hindu malaise There was a huge hue and cry saying that he wasan expatriate living in England, who was trying to preach to us. But why we were so sensitive is because he really had the courage, he called us a fractured socity, a wounded society, and I think that is a very nice description of our society. Madam, now I will come to our family of politics. We distribute the tickets on caste considerations.

6.00 P.M.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: We don't.

DR. H. P. SHARMA: You are not some one from outside the Indain Society.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: No, we do not do that.

DR. H. P. SHARMA: I consider you living in this country and fighting the same battle. But this is your privilege to repudiate it in this House. What I have to say is that we still go along caste considerations when we given the tickets. So many of us go to the astrologers.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, Chairperson, we put on record our strongest disapproval of the statement being made by the hon. member. It is absolutely wrong, false and malicious.

DR. H. P. SHARMA: We go to the astrologers, tantriks and godmen and ask for their help. Is it something very new?

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: You exclude us.

SHRIMATI MARGARET ALVA: You do what everybody else does.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Let us exclude the Communist Party from all these. (*Interruptions*)

DR. H. P. SHARMA: Madam, I at least was trying to speak as a citizen of India, not on party lines. That was my attempt. If I have not succeeded in it, that is my shortcoming.

Madam, we don rings on our fingers and all the precious stones which will ward off the evil effects, right here in this House and the other House two for that matter.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: You can see these fingers.

DR. H. P. SHARMA: You may have something worse inside. This is the reality of these Houses—240 people representing 80 crores of people. We are doing this. What right do we have to lecture? What right do we have? (*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): This is the real situation.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please go ahead with your speech.

DR. H. P. SHARMA: The medical practice of amniocentesis which was developed for crippling genetic disorder is being misused in the society today. You first find out the gender of the foetus and then you kill it. Do we have a right to speak on the issue of women after doing this?

Shankaracharya has already been mentioned. It is most unfortunate and I think that might be one test case what the Government proposes to do about it.

Madam, I would not like to proceed much further. I would end here by saying that 158 years since *Sati* was abolished, his House has to devoted so much time to the consideration of the same practice that has compelled the entire House and the nation to hang its head in shame. Madam, just one sentence and I have done. Please do not go and find easy solutions. There are no short cuts. Either you face it squarely or leave it alone.

उपसभापति: श्री कैलाश पति मिश्र।

श्री कैलाश पति मिश्र (बिहार): उपसभापति महोदया, मैं बहुत धैर्य से भाषण सुन रहा हूं और मेरा निवेदन है कि मुझे भी थोड़ा सा बोलने दिया जाय। भाषण प्रारम्भ करते हुए मैं सबसे पहले राजस्थान विधान सभा के विरोधी दल के नेता श्री भैरोंसिंह शेखावत को बधाई देना चाहता हूं। केवल यह मेरा कहना नहीं है देवराला की घटना के बाद राजनीतिक स्तर पर अगर किसी नेता ने सबसे पहले हिम्मत की तो घटना स्थल पर जा कर जनसभा कर के इस घटना की तीव्र निन्दा की तो वह भैरोंसिंह शेखावत जी ने की। महोदया, मैं अभी भाषण सुन रहा था। कांग्रेस (आई) के एम०एल०ए० श्री नरेन्द्र सिंह भाटी ने राजस्थान विधान सभा में साहस किया और खुल कर के कहा कि इस घटना का खुले रूप से अगर किसी ने विरोध किया है तो भैरोंसिंह शेखावत ने किया है। मैं कांग्रेस के मित्रों से यह आशा कर रहा था कि इसका स्मरण वे सदन में करेंगे। इस घटना की जितनी निन्दा की जाए वह थोड़ी होगी। मैं यह कहना चाहता हूं कि जिन लोगों के दिमाग में भ्रम है कि यह आध्यात्म की आड़ में धर्म की आड़ में यह घटना हुई है उन्हें मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि आध्यात्म और धर्म से इस का कोई सम्बन्ध नहीं है। रामायण काल और महाभारत काल की कुछ घटनाओं को उल्लेख किया गया है। मैं आपके सामने एक श्लोक उद्धृत करना चाहता हूं :—

अहिल्या, द्रोपदी, सीता, तारा मन्दोदरी तथा
पंचकन्या स्मरेण नियम् महापातक नाशनम्।

अहिल्या, द्रौपदी, सीता, तारा, मन्दोदरी, यह सारी देवियां रामायण काल और महाभारत काल से जुड़ी हुई हैं। प्रातः स्मरण जिनका नाम ले कर हम करते

[श्री कैलाश पति मिश्र]

हैं इन में से एक भी जली नहीं, पति की मृत्यु के साथ जल गई हो, एक भी ऐसा उदाहरण नहीं है। सती का अगर सचमुच अर्थ लिया जाए तो सत तो पवित्रता का द्योतक है, शरीर दहन का द्योतक नहीं है। मैं आधुनिक काल में आना चाहता हूं। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हमारे बंगाल के मित्र भी स्वीकार करेंगे कि जब आध्यात्म शिखर पर था स्वामी रामकृष्ण परमहंस के अस्तित्व को कोई अस्वीकार नहीं कर सकता स्वामी रामकृष्ण परमहंस जिनके शिष्य स्वामी विवेकानन्द थ तब स्वामी रामकृष्ण परमहंस की धर्म पत्नी शारदा मा अपने पति के शरीर छोड़ने के साथ आग में नहीं जल गई थी। क्या किया उन्होंने? उनके जीवन का सारा दायित्व सारा कार्यभार अपने ऊपर लिया। शारदा मां स्वामी विवेकानन्द सहित सारे गुरु-भाइयों की मां बन गई और स्वामी राम कृष्ण परमहंस जो कार्य कर रहे थे उसका दायित्व अपने उपर ले लिया। वेदों का उल्लेख किया गया है। मेरी समझ में नहीं आया कि कहां से अर्थ निकाले जाते हैं। वेदों के अधिकार पूर्ण ज्ञाता इस युग में थे स्वरूप सातवेलेकर जी। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में महर्षि दयानन्द सरस्वती हुए। महर्षि दयानन्द सरस्वती का सत्यार्थ प्रकाश वेदों के ऊपर आधारित है और उन्होंने जीवनपर्यन्त वेदों का ही प्रचार किया है। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने क्या किया। विधवा विवाह चालू करवाए, अन्तर्जातीय विवाह चालू करावाए, समाज का उद्धार करवाना शुरू किया। वे जीवन भर रूढ़ियों के विरुद्ध संघर्ष करते रहे और उन्होंने रूढ़ियों से संघर्ष करते करते अपने जीवन की आहुति चढ़ाई। मुझे ऐसा लगता है कि हम विषय की गहराई में जाने की चेष्टा नहीं कर रहे हैं। 40 वर्ष से आजादी ले कर हम खड़े हैं। 40 वर्ष से अपना शासन ले कर खड़े हैं। अगर मैं कहीं भूल कर रहा हूं तो सत्ताधारी पक्ष से सुधार करने के लिए कहूंगा एक दिन समाचार पत्रों में मैंने स्वास्थ्य राज्य मन्त्री जी का वक्तव्य पढ़ा। आप यह देखिये हम कहां जा रहे है। आज गर्भावस्था के अन्दर आधुनिक वैज्ञानिक यन्त्रों का उपयोग कर के यह पता लगाया जाता है कि गर्भ में बेटा है या बेटी है और जब यह पता लगता है कि बेटी है तो गर्भपात करा दिया जाता है। उन्होंने इसके बारे में कानून बनाने की बात कही। मुझ पता नहीं इसके लिए कौन सा कानून बना। लेकिन यह स्थिति क्यों पैदा हुई है। 40 वर्षों के बाद समाज को यह नहीं सिखा सके कि माताएं, बहनें, बेटियां ये पूज्य हैं। किसी प्रकार से इनके ऊपर होने वाला अत्याचार इस राष्ट्र इस समाज और देश को लेकर डूबेगा। हमने उत्थान करने के लिए, क्या किया है, केवल भाषण, केवल कुछ अधूरे नियम। आपने बाल विवाह विरोधी कानून बनवाया दहेज विरोधी कानून बनवाया। क्या हो रहा है? बाल विवाह बंद हो गये? दहेज बन्द हो गया? मैं जिस प्रदेश से आता हूं एक नहीं हजारों उदाहरण देने के लिए तैयार हूं और आजकल यह हालत हो गयी है कि लड़का अगर इंजीनियरिंग पास कर गया तो दहेज 5 लाख, एम०बी० बी०एस० डाक्टर बन गया तो 10 लाख आई०ए०एस० बन गया तो 25 लाख, खुलेआम चल रहा है। हम कहां जा रहे हैं? समाज किस रोग से ग्रस्त है, किस मानसिकता से ग्रस्त है। इसका कारण आध्यात्म और धर्म नहीं है। जो ठीक समझते हैं साहस के साथ करें। किसके पक्ष में पड़ेगा किसके विरोध में जायेगा इसकी परवाह करने की आवश्यकता नहीं है। समाज को खड़ा करने के लिए ऐसे कानून बनाने की आवश्यकता है। मैं बंगाल के मित्रों से कहूंगा कि अन्यथा न लें। आज जो देश के अंदर हो रहा है क्या हम उसे अस्वीकार करेंगे। हर बड़े शहर के अंदर रेड लाइट एरिया दिखाई पड़ रहे हैं। मैं एक दिन कलकत्ता में घूम रहा था, 12 बजे दिन के बाद पुलिस वेन के ऊपर 25 लड़कियों

को बैठाकर दो पुलिस वाले ले जा रहे थ । मने देखा कि किसी की आयु 16 है, किसी की 18, किसी की 22 किसी की 25 वर्ष है। इस दुर्दान्त अवस्था में क्यों पड़ी हुई हैं। इनको कहां लेकर जा रहे हैं? पता लगा कि रेड लाइट एरिया से पुलिस उठाकर इनको ले जा रही है। मैंने और छानबीन करने की कोशिश की तो पता लगा कि दो घंटे थाने में रखकर रुपया लेकर फिर उनको वहीं पहुंचा दिया गया। यह क्या है? क्या वे हमारी बहनें नहीं हैं, बेटियां नहीं हैं, हमारे समाज में जन्मी हुई लड़कियां नहीं हैं। उनके उद्धार के लिए उत्थान के लिए कि वे इस दुर्दान्त अवस्था में न पहुंचे इसके लिए आप कौन सा कानून बना रहे हैं? महोदया, आवश्यकता इस बात की है कि इस सामाजिक जीवन में आज के बदले हुए युग में सब प्रकार के अधिकारों से उन्हें सम्पन्न करना चाहिए। आपने आज तक कोई कानून बनाया? यह मुझे पता नहीं है। युवा अवस्था के अंदर एक बालिका विधवा बन गयी, 18, 20, 22 वर्ष की उम्र है, एक बच्चे की मां नहीं बनी है, समाज उसे विधवा के नाम से देखता है। सरकार क्या कर रही है? उसका जीवनयापन एक सम्मान के साथ हो। इसमें कोई विरोध नहीं है कि देश के अन्दर ऐसी कम आयु की लाखों विधवा लड़कियां हैं। कहीं उनको ट्रेनिंग दे रहे हैं, क्या उनके आर्थिक जीवन यापन का आधार बना रहे हैं? कोई कम्प्रीहेंसिव ला है? किसी का दहन होता है तो हत्या मानकर उसके विरुद्ध में कठोर कदम उठाना आवश्यक है और दूसरी ओर उसे सम्मान देकर उसे इस लायक बनायें कि विधवा होने के बाद भी पुनः विवाह कर सके, समाज में उसका सम्मान, प्रतिष्ठा रह सके, उसके जीवन-यापन का आधार बन सके। अगर इन सारे प्रश्नों को ठीक ढंग से नहीं विचारेंगे तो एक दिवराला नहीं, देश के अंदर अनेक दिवराला होत रहेंगे। अभी मुझे कहा गया' मेरी समझ में नहीं आया कि दिवराला की घटना ऐसे हो गयी कि जिसका थाने को पता नहीं लगा। चित्र निकल रहे हैं सामियाने लग हुए हैं, हजारों लोग जुटे हैं, ढोल ड्रम और नारों के साथ आ रहे हैं, लकड़ियों को इकट्ठा किया जा रहा है, उस बेचारी अबला को गहनों और साड़ियों से सजाकर जलूस में ले जाया जा रहा है और आपकी सरकार का थाना ऐसा है, इंस्पेक्टर ऐसा है जैसे मैंने सुना था कुम्भकर्ण नाम का एक व्यक्ति जो 6 महीने तक सोता रहता था। पता नहीं लगता है कि आज किस कुंभकर्णी सरकार की निद्रा कितनी लंबी होती है? चुनरी महोत्सव, क्या पता नहीं था कि इस दहन के बाद महोत्सव का जो नाटक रचा जा रहा है, उसमें कौनसा उन्माद, कौनसी उत्तेजना है? क्या रोका नहीं जा सकता था? यह कह कर हम निकल जाते हैं कि रात को लोग आए। यदि रात को लोग आए और पता नहीं लगा क्या हवाई-जहाज से उड़ करके आये हैं?

हनुमान जी के बारे में पढ़ा है रामायण में कि वह जाने लगे लंका जब जरूरत पड़ी, तो मच्छर का रूप धारण कर लिया। (**समय की घंटी**) और कहीं आवश्यकता पड़ी, तो भूधराकार शरीर लेकर वह खड़े हो गये। अढ़ाई-तीन लाख लोग एक साथ पहुंचे और पता है कि पहले घटना हो गई है, उसी के उपलक्ष में चुनरी महोत्सव होने जा रहा है और शासन को पता नहीं है सदन के अंदर बहस कर ले तीन-चार घंटे की बहस, कल अखबारों में कुछ नाम छप जायेंगे, कुछ भाषण छप जायेंगे, इससे परिस्थिति का समाधान होने वाला नहीं है।

कितनी वेदना से, कितनी निष्ठा से, कितने निश्चय के साथ समाज के इस पाप को धोने के लिए हम सचमुच में तत्पर हैं, आवश्यकता इस बात की है। मुझे संदेह है कि शासन अपने आश्वासन का निर्वाह नहीं कर रहा है। (**समय की घंटी**) और अगर इस प्रकार की घटना हुई है, सामाजिक कुरीतियों के साथ-साथ शासन की लापरवाही, यह मुख्य रूप से कारण यही है।

यही कहते हुए मैं अपना भाषण समाप्त कर रहा हूं।

श्रीमती शान्ती पहाड़िया (राजस्थान) : उपसभापति महोदया, आपने मुझको बोलने का अवसर दिया; इसके लिए म आपको धन्यवाद देती हूं। दिवराला कांड को देखते हुए हम लोगों की शर्म से गर्दन झुक जाती है क्योंकि एसे कांड इक्कीसवीं सदी में हो जाएं—यह लड़की सोफिया स्कूल की पढ़ी-लिखी लड़की आज के युग में कहां सती का सत होता है, जो इसको सती होना पड़ा। इस लड़की को मैंने एक अखबार में पढ़ा था कि कोई नशीली चीज खिला कर और इसको नंगी तलवार के बीच में ले जाया गया और ले जाने के बाद भी यह रास्ते में छुट कर भागने लगी—उन लोगों को डर था कि यह दूसरी शादी किसी के साथ कर ले—इसलिए इसको जिंदा जलाया गया। जब आग लगाते समय इसका देवर था, वह इसको जला नहीं सका, तो किसी दूसरे आदमी ने इसको आग में फैंक दिया और ऐसे सती का मामूम होता है कि सत से आग लगी।

मैंने अपने जीवन में तो सती होते देखा नहीं है, पर सुनते आये हैं कि सती क्या होता है। हो सकता है कि मैं गलत कह रही हूं कि जब स्त्री का पति मरता है, तो उसका थोड़ी देर के लिए दिमाग परेशान होता है और इस तरह से मन बुझने के कारण कुछ ऐसा करती हो, लेकिन उसको बचा सकते हैं अगर दो-चार घंटे उसे धीरज बंधाया जाए, तो वह अपने उपर काबू पा लेती है। एसी बात नहीं है कि सती पहले भी ऐसे ही होती होंगी जैसा कि अब जलाई गई है। मैं नहीं मानती कि एसे सती होती थीं क्योंकि आजकल सदियों से सुनते आ रहे हैं कि सती हुई है, सती हुई है, लेकिन "सता" भी कोई हुआ है, सती के साथ नहीं हुआ है।

मां का बटा मर जाता है, तो उसको कितना दुख लगता है, इस तरह से पति का दुख लगता है। कभी कोई बेटे के उपर सती हुआ है? नहीं हुआ है क्योंकि उसका पति बचाने वाला बैठा था। इसलिए नहीं होती। सती, जिस औरत का पति मर जाता है, तो उस बेचारी को कोई सहारा नहीं दिखाई देता है, उसको कोई बचाने वाला नहीं दीखता है, इसलिए वह सती कर दी जाती थी या बेचारी हो जाती थी।

मैं यह भी कहना चाहूंगी कि सती कई किस्म की हैं—सती एक हमारे बंगाल में एसी हैं कि जिनका पति मर जाता है तो उन औरतों के बाल मुंडवा देते हैं, कमरे में बद कर देते हैं। न वह अपने पौते-पौतियों से बात करती हैं, न अपने बेटों से बात कर पाती हैं और बहू के सामने तो निकल ही नहीं सकती क्योंकि उसकी छाया उस बहू के ऊपर पड़ जाएगी, एसी भी सती होती हैं, बचारी। उनको क्या करते हैं कि एक महीने के बाद या चालीस दिन के बाद उसको वृंदाबन में भेज देते हैं और वहां उनके लिए सौ रुपया महीना बांध दिया जाता हैं और साल, दो साल में पचास रुपये कर देते हैं और पचास रुपये के बाद यह भी बंद कर देते है वह बेचारी मरती है या जिंदा रहती है, क्या होता है और क्या नहीं होता है, यह कोई पता नहीं है। महोदया, यह जो रूपकंवर सती हुई है इसकी सूचना सरकार को मिल गई थी। अगर सरकार इसको बचाना चाहती तो बचा सकती थी। लेकिन सरकार ने तो खुद तमाशा देखा। हो सकता है मैंने अखबार में गलत पढ़ा हो वहां पर हमारे मुख्य मंत्री जी की श्रीमती जी भी दर्शन करने जा रही थीं और कहीं रास्ते में से उसको लौटा कर लाए। महोदया, इसके साथ मैं एक बात यह भी कहूंगी कि जब सरकार को इसकी सूचना मिली थी तो सरकार का कर्त्तव्य था कि पुलिस द्वारा इसको बचाती। सरकार बचा सकती थी लेकिन सरकार ने कोई बचाने की कोशिश नहीं की। इसके बावजूद भी जब चुनरी समारोह हुआ तो सरकार उसको रोक सकती थी लेकिन तब भी नहीं रोका। उसके बाद एक रैली और निकली और उसको भी रोक सकती थी लेकिन रोकथाम की बजाए उसका अच्छा इंतजाम किया गया। हमारे केन्द्र सरकार

को गाली-गलौच देती हुई बहन निकलीं। उस समय राजस्थान सरकार ने एक्शन क्यों नहीं लिया कि इस तरह की गंदी और ओछी बातें तो नहीं करनी चाहिएं। सके साथ मैं यह भी कहूंगी कि सती प्रथा को लेकर लोगों ने इसे आमदनी का जरिया बना लिया है। कितना ही रुपया बनता है, कितने ही शामयाने लगते हैं, दुकानें वगैरह चलती हैं और सब कुछ होता है। महोदया, इसके साथ मैं यह भी कहूंगी कि यह हमने माना है कि पुरुष लोगों को हमने पति परमेश्वर माना है स्त्री जाति ने माना है और मानना भी चाहिए, लेकिन इस के साथ स्त्री का भी तो कहीं कोई ठिकाना होना चाहिए उसको भी तो पति परमेश्वर की हरेक चीज में हक होना चाहिए लेकिन उसमें कोई हक नहीं दिया जाता है। उसको इसीलिए जलाया जाता है कि भाई या परिवार वाले जमीन जायदाद के मालिक हो जायेंगे। और यह बचेगी तो इनको हिस्सा दिया जाएगा। बहुत सी सती तो ऐसी हुई हैं जो कि बेचारी बच्चों वाली हैं और बच्चों को अनाथ कर दिया जाता है उनसे मां की ममता छीन ली जाती है। महोदया, मैं, यह भी कहूंगी कि अब जो हुआ सो हुआ है लेकिन 21वीं सदी में आगे चलकर ऐसी महिलाओं की बलि न चढ़ाई जाए इसके लिए सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिएं और महिलाओं की तरफ खास तौर से ध्यान दिया जाना चाहिए। जैसे अभी एक सदस्य कह रहे थे कि ऐसी बहुत सी महिलाएं हैं जो कि शादी के कुछ दिन बाद ही बेवा हो जाती हैं और कोई बाल-बच्चा भी नहीं होता है और बाद में वे बेचारी शादी भी नहीं करना चाहतीं, तो उनके लिए खास तौर से ज्यादा ध्यान देना चाहिए। ऐसे कुकर्म जो करते हैं ऐसे राक्षसों को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए। दूसरा मैंने अखबार में पढ़ा था कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने यह कहा कि सती तो और भी हुई हैं। सती और हुई हैं तो इसका मतलब है देव राला में जो सती हुई है वह कुछ भी नहीं हुआ, ऐसा तो होता ही रहता है, इसका मतलब तो यही निकलता रहता है। इससे हमको शर्म आनी चाहिए कि जसे ऐसा कांड होते हुए भी कुछ नहीं हुआ। कभी उन्होंने सोचा है कि हमारी अपनी भी बहन बेटियां हैं, अपनी भी बहुएं है उनके साथ अगर ऐसा हुआ तो क्या होगा? कभी नहीं सोचा, क्योंकि महिलाओं के बारे में तो सोचता ही कौन है। अभी कह रहे थे कि लड़की दिखती है। तो उसको खत्म कर दिया जाता है राजस्थान में अब भी ऐसी परंपरा है कि जिसके लड़की होती है, तो दायी को सौ-पचास रुपये दे देते हैं और लड़की को खत्म करा देते है। यह परंपरा हमारी आज भी चली आ रही है। लड़की को कोई नहीं देखना चाहता। लेकिन मैं यह पूछना चाहती हूं कि अगर लड़की नहीं होगी तो मां कैसे बनेगी और मां नहीं होगी तो फिर पुरुष लोग भी कहां से आएं? यह सोचने वाली बात है।

महोदया, महिलाओं के साथ ऐसे-ऐसे अत्याचार करते है। अभी भी हमारे यहां एक कुरीति है कि 12 साल की लड़की हुई और उसकी शादी कर देते है। और शादी करने बाद में उन बेचारियों को सती होना पड़ता है। अगर उसका पतिदेव पढ़ गया, मां-बाप ने बच्चियों को तो पढ़ाया नहीं, उसकी पढ़ाई बंद कर दी तो उसका पति उसे ले ही नहीं जाता है। अगर कोई गई भी तो बेमन होकर गयी, दुखी रहती है। ऐसा भी होता है कि ऐसे अंधे-लंगड़े-लूले को ब्याह देंगे। तो यह कुरीति भी बंद होनी चाहिए। खासतौर पर यह हमारे राजस्थान में है।

अन्त में मैं यही कहूंगी कि जो रूपकंवर के साथ हुआ, ऐसी और रूपकंवर न बनें। इसी के साथ ही खतम करती हूं।

श्री वीरेन्द्र वर्मा: आदरणीय डिप्टी चेयरमैन महोदया (व्यवधान)

AN HON'BLE MEMBER: Madam, for how long we are required to sit today?

THE DEPUTY CHAIRMAN: You see, if you agree, there are two lady Members on both sides who want to speak. If you so desire I will ask one from this side and one from that side. (*Interruptions*).

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: The enormity of the crime is generating a consensus in the House. Now, we do not want to dilute the atmosphere by prolonging the discussion today. I, therefore, request and the Minister of State for Parliamentary Affairs has agreed, the Minister of Human Resource Development, he also agrees, let us adjourn it and take it up tomorrow. Tomorrow, there is Sri Lanka. Much of it has already been debated. So, there is no difficulty in adjourning the House now so that we are in full strength to conclude on this question.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh): We fully support Mr. Chatterjee.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let him finish and then we will adjourn and take it up tomorrow. (*Interruptions*). Let him finish now since he is on his legs. (*Interruptions*) Let Mr. Virendra Verma complete his speech and then we will adjourn and take it up tomorrow. (*Interruption*).

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: No, let him speak tomorrow.

THE DEPUTY CHAIRMAN: All right. Now, the House stands adjourned and will meet at 11.00 A.M. on Wednesday, the 11th November, 1987.

The House then adjourned at twenty-eight minutes past six of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 11th November, 1987.